रौल नं०..............................नाम परीक्षार्थी..............................

IX-10 **वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई०** A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देश :–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों (क) एवं (ख) में विभाजित है। (ii) खण्ड– ख में दो खण्ड (अ) एवं (ब) तथा मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न हैं। (iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

## खण्ड–क

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. महान् दार्शनिक वॉल्टेयर ने किस देश की क्रान्ति को प्रभावित किया था :– 1
(क) अमेरिका (ख) इंग्लैण्ड (ग) रूस (घ) फ्रांस।

2. रूस में सम्पन्न किसानों को क्या कहा जाता था :– 1
(क) कुलक (ख) बोल्शेविक (ग) मेन्शेविक (घ) जैकोबियन

3. जर्मनी में नाजी दल की स्थापना किसने की :– 1
(क) मुसोलिनी ने (ख) हिटलर ने (ग) लेंनिन ने (घ) विल्सन ने।

4. भारतीय वन अधिनियम किस वर्ष बना :– 1
(क) 1860 में (ख) 1864 में (ग) 1865 में (घ) 1868 में।

5. औपनिवेशिक सरकार अपराधी–जनजाति अधिनियम लाई :– 1
(क) 1778 ई. में (ख) 1805 ई. में (ग) 1871 ई. में (घ) 1920 ई. में।

6. निम्नलिखित में लोकतान्त्रिक देश नहीं है :– 1
(क) भारत (ख) नेपाल
(ग) थाईलैण्ड (घ) संयुक्त राज्य अमेरिका।

7. भारतीय संविधान सभा किस योजना (प्लान) के अन्तर्गत गठित की गई थी :–1
(क) वैवेल प्लान (ख) क्रिप्स मिशन प्लान
(ग) कैबिनेट मिशन प्लान (घ) माउण्टबेटन प्लान।

8. भारत में मताधिकार का आधार है :– 1
(क) आयु (ख) लिंग (ग) शिक्षा (घ) अर्थ (धन)।

9. प्रधानमंत्री की नियुक्ति करता है :– 1
(क) संसद (ख) उच्चतम न्यायालय
(ग) राष्ट्रपति (घ) उपराष्ट्रपति।

10. वर्तमान में सम्पत्ति का अधिकार किस श्रेणी में आता है :– 1
(क) मौलिक अधिकार (ख) प्राकृतिक अधिकार
(ग) कानूनी अधिकार (घ) गैर–कानूनी अधिकार।

11. भारत का क्षेत्रफल संसार के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का प्रतिशत है :– 1
(क) 2.2% (ख) 2.4% (ग) 3.4% (घ) 4.2%

12. निम्न में से कौन–सी नदी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी है :– 1
(क) नर्मदा (ख) गोदावरी (ग) कृष्णा (घ) महानदी।

13. नीचे दिए गए स्थनों में किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है:–1
(क) सिलचर (ख) चेरापूँजी (ग) मौसिनराम (घ) गुवाहाटी।

14. कौन–सा वृक्ष शंकुधारी है :– 1
(क) सिल्वर–फर (ख) देवदार (ग) चीड़ (घ) ये सभी।

15. जनसंख्या वृद्धि का कारण है :– 1
(क) गर्म जलवायु (ख) मृत्यु–दर घटना
(ग) मनोरंजन के साधनों की कमी (घ) ये सभी।

16. हरित क्रान्ति भारत में कौन–से दशक के अन्त में प्रारम्भ हुई :– 1
(क) सन् 1960 (ख) सन् 1970 (ग) सन् 1980 (घ) सन् 1990

17. व्यापार, परिवहन, संचार, बैंकिंग व बीमा सेवाएँ किस क्षेत्रक के अन्तर्गत आते हैं :– 1
(क) प्राथमिक क्षेत्रक (ख) द्वितीयक क्षेत्रक
(ग) तृतीयक क्षेत्रक (घ) इनमें से कोई नहीं।

(पृष्ठ पलटिए)

18. किसी अर्थव्यवस्था का सर्वाधिक श्रम-अवशोषक क्षेत्रक कौन-सा है :- 1
(क) कृषि (ख) विनिर्माण
(ग) सूचना तकनीक (घ) बायोटेक्नोलॉजी।
19. कालाहाण्डी व काशीपुर किस राज्य में स्थित हैं :- 1
(अ) झारखण्ड (ब) उत्तराखण्ड (स) उत्तर प्रदेश (द) ओडिशा।
20. अन्नपूर्णा योजना कब लागू की गई :- 1
(क) 1998 (ख) 2000 (ग) 2002 (घ) 2004

## खण्ड–ख

### उपखण्ड–अ

21. सन् 1917 की रूस की क्रान्ति के दो राजनीतिक कारण बताइए। 4

अथवा

वनों के संरक्षण के विभिन्न उपायों का उल्लेख कीजिए।

22. पन्थ-निरपेक्षता या धर्म निरपेक्षता से आपका क्या तात्पर्य है? 4

अथवा

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को उसके पद से कैसे हटाया जा सकता है?

23. अपसारी तथा अभिसारी भूगर्भीय प्लेट में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

भारतीय उपमहाद्वीप में वायु की दिशा में मौसमी परिवर्तन क्यों होता है?

24. प्रच्छन्न और मौसमी बेरोजगारी में क्या अन्तर है? 4

अथवा

सरकार बफर स्टॉक क्यों बनाती है?

### उपखण्ड – ब

25. फ्रांस की क्रान्ति के परिणामों पर प्रकाश डालिए। 6

अथवा

जम्मू-कश्मीर के गुज्जर बकरवाल के विषय में आप क्या जानते हैं? विस्तार से लिखिए।

26. वयस्क अथवा सार्वभौमिक मताधिकार के पक्ष और विपक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिए। 6

अथवा

"स्वतंत्रता का अधिकार वास्तव में अनेक अधिकारों का समूह है।" इस कथन की विवेचना कीजिए।

27. बड़े बाँधों के विरूद्ध मुख्य तर्क दीजिए। यह व्याख्या कीजिए कि बड़े बाँधों से पर्यावरण को खतरा न हो। 6

अथवा

भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों पर प्रकाश डालिए।

28. उत्पादन किसे कहते हैं? उत्पादन के विभिन्न साधनों को समझाइए। 6

अथवा

खाद्य और सम्बन्धित वस्तुओं को उपलब्ध कराने में सहकारी समितियों की भूमिका पर एक टिप्पणी लिखिए।

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:- 10

29. (क) भारत के पूर्वी तट — —
(ख) गुजरात में स्थित खाड़ी का नाम ——
(ग) उत्तर प्रदेश की राजधानी ○
(घ) भारत के पश्चिमी घाट से पूर्वी घाट तक बहने वाली एक नदी का नाम ⬡
(ङ) कावेरी नदी। ●

नाम परीक्षार्थी.................................अनुक्रमांक...........................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

